हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–129 : जौनपुर, बुधवार 18 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## जी–20 समिट में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और साइबर सिक्योरिटी पर होगा मंथन

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी में 13 से 15 फरवरी तक होने वाले जी–20 समिट के डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप की बैठक का एजेंडा तय हो गया है। बैठक में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल इकोनॉमी में साइबर सुरक्षा और एमएसएमई के लिए साइबर सुरक्षा पर मंथन किया जाएगा। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने 13 से 15 फरवरी तक होने वाले जी–20 समिट का एजेंडा अनुमोदित किया है। तीन दिन तक 22 सत्रों में होने वाली बैठक में डिजिटल इकोनॉमी को बढ़ावा देने पर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। 13 फरवरी को नौ सत्रों में बैठक होगी। 14 फरवरी को आठ सत्र और 15 फरवरी को पांच सत्र होंगे। जी–20 समिट में शामिल होने आ रहे 19 देशों के 150 से अधिक प्रतिनिधियों का 12 फरवरी की शाम से लखनऊ पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। 13 फरवरी को शहीद पथ स्थित एक होटल में सुबह 9.50 बजे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर मंथन होगा। इसमें विभिन्न देशों की ओर से डिजिटल पहचान के लिए लागू योजनाओं को बताया जाएगा। सुबह 11.35 बजे एमएसएमई के लिए साइबर सुरक्षा समाधान पर चर्चा होगी। दोपहर 2.50 बजे सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने में डिजिटल इकोनॉमी की भूमिका पर मंथन होगा। 14 फरवरी सुबह 9 बजे केंद्र सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सत्र को संबोधित करेंगे। विभाग के सचिव की ओर से एजेंडा प्रस्तुत किया जाएगा। सुबह 9.10 बजे इंडोनेशिया, 9.15 बजे ब्राजील की ओर से रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। 9.20 बजे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर चर्चा होगी। 11.45 बजे डिजिटल इकोनॉमी में साइबर सिक्योरिटी पर संवाद होगा। प्रतिनिधियों को शाम 5.30 बजे रेजीडेंसी का भ्रमण कराया जाएगा। वहां उनके लिए रात्रिभोज का आयोजन होगा। 15 फरवरी को सुबह 9.35 बजे से डिजिटल स्किल पर बात होगी। सुबह 11.45 बजे से शाम 4.15 बजे तक तीन सत्रों में समिट में डिजिटल वर्किंग ग्रुप को लेकर हुए मंथन की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। प्रदेश सरकार पेश करेगी उपलब्धियां जी–20 समिट में प्रदेश सरकार डिजिटल क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों की रिपोर्ट पेश करेगी। 18 लाख युवाओं को वितरित टैबलेट, स्मार्ट फोन, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के माइन मित्र पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर से आए सुधार को बताया जाएगा।

## माघ मेले में धर्मांतरण मामला : आशीष को मोनिश नरेश को बना दिया गया समीर

प्रयागराज ब्यूरो : मदरसा शिक्षक महमूद हसन गाजी लंबे समय से धर्मांतरण में लगा हुआ था। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है। यहां तक कि साथ गिरफ्तार रैकेट के दोनों सदस्यों का भी उसने ही धर्म परिवर्तन कराया था। उसने आशीष को मो. मोनिश जबकि नरेश को समीर बना दिया था। मोनिश ने पूछताछ में बताया कि गाजी के संपर्क में आने के बाद ही करीब दो साल पहले उसने इस्लाम स्वीकार कर लिया था। उसने बताया कि वह मुंबई में रहता था। उसका फूफा सुभाष कुमार गुप्ता मूल रूप से फतेहपुर का रहने वाला है और फिलहाल करेली में रहकर वैन चलाता है। वह करेली में जीटीबी नगर में किराये पर रहता है और गाजी का पड़ोसी है। कई साल पहले गाजी के संपर्क में आने के बाद ही उसने धर्म परिवर्तन कर लिया था और सुभाष से मो. सईद बन गया था। अफसरों के मुताबिक, बकौल मोनिश वह अपने फूफा के घर आता जाता रहता था और उसके ही जरिए गाजी के संपर्क में आया। गाजी ने उसे इस्लाम कबूलने के लिए कहा। जिस पर करीब दो साल पहले उसने धर्म परिवर्तन कर लिया। इसी तरह मोनिश ने बताया कि वह कई सालों से गाजी के संपर्क में था। वह कपड़े सिलने का काम करता था। 12–13 साल पहले उसने धर्मांतरण कर लिया था। उसने मुस्लिम महिला से ही शादी भी की। दोनों के पास मिले दो–दो आधार कार्ड पुलिस ने बताया कि मोनिश व समीर दोनों के कब्जे से दो–दो आधार कार्ड बरामद हुए हैं। इनमें से एक में उनका पूर्व जबकि दूसरे में वर्तमान नाम है। अफसरों का कहना है कि जांच में यह बात सामने आई है कि किताबें बांटने के दौरान अगर किसी को शक होता था तो वह अपना पूर्व नाम का आधार कार्ड दिखाते थे। जबकि मुस्लिम इलाकों में जाने पर वर्तमान नाम वाले आधार कार्ड का इस्तेमाल करते थे। शुरुआत से ही थे मेले में पुलिस की पूछताछ में मोनिश व समीर ने यह भी बताया कि दोनों शुरुआत से ही माघ मेले में किताबें बांटने का काम कर रहे थे। वह घूम–घूमकर ठेले पर किताबें बेचा करते थे। पकड़े जाने के दौरान वह लेटे हनुमान मंदिर से आगे महाबीर मार्ग पर किताबें बांट रहे थे।

## ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते : ऑपरेशन यात्री सुरक्षा एवं ऑपरेशन अमानत का प्रतिबद्धता से किया संचालन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यात्री सेवा में पूर्ण निष्ठा के साथ सदैव तत्पर रेलवे सुरक्षा बल उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत गत दिवसो में मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते ,ऑपरेशन यात्री सुरक्षा एवं ऑपरेशन अमानत का संचालन करते हुए इसके तहत निम्न गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालित किया गया जिनका ब्यौरा निम्नवत है :– दिनांक 17.01.2023 को रे0सु0ब0 पोस्ट वाराणसी जं. (कैण्ट) में स्टेशन ड्यूटी में कार्यरत कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी के दौरान विश्वस्त सूत्रों द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ वांछित /संदिग्ध व्यक्ति, रेलवे स्टेशन पार्सल गेट के पास मौजूद है, जो यात्रियों को मजबूरी बताकर चोरी का मोबाईल बेचने के फिराक में है,सूचना प्राप्त इसपर कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर उक्त दोनों व्यक्तियों को आवश्यक बल प्रयोग कर मौके पर ही पकड़ लिया एवं जिनके पास से तलाशी के दौरान दो चोरी के मोबाईल बरामद किये गए एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु दोनों व्यक्तियों को जी.आर.पी. के सुपुर्द किया गया । दिनांक 17.01.2023 को ऑन ड्यूटी रे०सु० ब० द्वारा रेलवे स्टेशन वाराणसी जं. (कैण्ट) चेकिंग के दौरान तीन लड़के 1.अरमान पुत्र मुश्ताक अहमद उम्र 12 वर्ष निवासी मजारपट्टी थाना कोतवाली जिला भदोही 2.शाहबाज पुत्र मुश्ताक अहमद उम्र 12 वर्ष निवासी मजारपट्टी थाना कोतवाली जिला भदोही 3.रितेश कुमार पुत्र रमेश उम्र 12 वर्ष निवासी चतरा थाना चतरा जिला कोडरमा झारखण्ड घूमते हुए मिले जिन्हें पोस्ट पर लाकर गुड़िया रेलवे चाइल्ड लाइन वाराणसी को नियमानुसार सुपुर्द किया गया। दिनांक 17 /1/ 2023 को गाड़ी संख्या 13005 हावड़ा अमृतसर एक्सप्रेस पर ऑन ड्यूटी




टिकट चेकिंग कर्मचारी द्वारा गाड़ी के लखनऊ स्टेशन आने पर ऑन ड्यूटी रे०सु० ब० को एक लड़की उम्र 16 साल को सुपुर्द किया गया एवं पूछताछ किया गया तथा लड़की से प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त लड़की ने अपने घर का पता पिताजी का मो० न० बताया । इस लड़की को चाइल्ड लाइन एहसास चारबाग लखनऊ को अग्रिम कार्रवाई हेतु सुपुर्द किया गया। दिनांक 17.01.2023 को हेल्पलाइन नंबर 139 लखनऊ से समय 16:56 बजे सूचना प्राप्त हुई थी गाड़ी संख्या 12179 लखनऊ आगरा इंटरसिटी एक्सप्रेस के कोच संख्या ां1, बर्थ नंबर 59 पर दो नीले रंग के बैग छूट गए हैं, उक्त सूचना प्राप्त होने पर ऑन ड्यूटी रे०सु० ब० पोस्ट उन्नाव द्वारा उक्त गाड़ी के उन्नाव आगमन पर उक्त कोच के सीट नंबर 59 पर चेक करने पर दो नीले बैग मिले, उक्त बैगो को उतार कर पोस्ट पर लाया गया तथा उक्त के संबंध में मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष लखनऊ व यात्री नितेश कुमार पासवान को उसके मोबाइल नंबर पर सूचित किया गया। यात्री के पोस्ट पर आने पर विधिक कार्यवाही करने के उपरांत उक्त बैगो को सही सलामत यात्री के सुपुर्द किया गया।

## 27 जनवरी को परीक्षा पे चर्चा : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छात्रों शिक्षकों और अभिभावकों के साथ करेंगे बातचीत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जनवरी, 2023 को परीक्षा पे चर्चा के आगामी संस्करण में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करेंगे। इस बात की जानकारी राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने डाक बंगला पर प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी आगामी 27 जनवरी 2023 को परीक्षा पे चर्चा के तहत छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करेंगे। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2018 में पहली बार परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों के साथ संवाद किया था। इसके बाद से हर साल पीएम मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' करते हैं। इस बार भी पीएम मोदी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ सीधे संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि देश भर में बच्चे इस समय बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे हुए हैं, परीक्षाओं के लेकर छात्रों के मन में कई तरह के सवाल होते हैं, इन्हीं सवालों के जवाब देने और छात्रों में 'जिंदगी की परीक्षा' की समझ पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 7 जनवरी 2023 को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उन्होंने आगे बताया पीएम मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में देश भर के बच्चों से सीधा संवाद करते हैं। उनके सवालों को सुनते हैं, उनके जवाब देते हैं। पीएम मोदी का परीक्षा से पहले छात्रों से ये संवाद किसी 'गाइड' या 'कुंजी' की तरह काम करता है जो छात्रों के मन परीक्षा को लेकर उठ रहे भावों को शांत कर उन्हें परीक्षाओं के प्रति सकारात्मक नजरिया देता है। बच्चे परीक्षा से पहले तैयारी में इस कदर खो जाते हैं कि अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान नहीं दे पाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी अक्सर



कहते हैं कि परीक्षा के समय तनाव को दूर रखने का सबसे अच्छा तरीका योग होता है। लगातार पढ़ते रहने से बच्चों को मानसिक थकावट का सामना करना पड़ता है, इससे लड़ने में योग एक अहम भूमिका निभाता है। आधा घंटा योग दिन भर शरीर को ऊर्जावान बनाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा लिखी गई पुस्तक एग्जाम वैरियर्स जिसमें विद्यार्थियों के लिए 28 मंत्र तथा अभिभावकों के लिए 6 सुझाव काफी लोकप्रिय है जो अधिक से अधिक छात्रों के पास पुस्तक पहुंचाने का प्रयत्न किया जाएगा उन्होंने आगे बताया कि 19 जनवरी 2023 को जौनपुर जिले में परीक्षा पर चर्चा के कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता रिजवी लर्नर्स में आयोजित किए गए हैं इसमें 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी शामिल होंगे। उक्त अवसर पर इस कार्यक्रम के संयोजक व जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता एव सह संयोजक डीसीएफ चेयरमैन धनन्जय सिंह एवं ब्लाक प्रमुख मुंगराबादशाहपुर सतेन्द्र सिंह फंटू और जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह उपस्थित रहे।

## जातीय रैलियों पर लखनऊ हाईकोर्ट ने मांगा जवाब : चार सप्ताह में देना है उत्तर

लखनऊ ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने जातीय रैलियों पर रोक के मामले में केंद्र व राज्य सरकार समेत केंद्रीय निर्वाचन आयोग, चार राजनीतिक दलों कांग्रेस, भाजपा, सपा व बसपा से चार हफ्ते में जवाब मांगा है। इसके बाद दो सप्ताह में ये सभी पक्षकार अपने प्रति उत्तर दाखिल कर सकेंगे। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय वकील मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर दिया। याचिका वर्ष 2013 में दायर की गई थी। उसमें कहा गया था कि प्रदेश में जातियों पर आधारित राजनीतिक रैलियों की बाढ़ आ गई है। सियासी दल ब्राह्मण रैली, क्षत्रिय रैली, वैश्य सम्मेलन आदि नाम देकर अंधाधुंध जातीय रैलियां कर रहे हैं। 11 जुलाई, 2013 को कोर्ट ने एक अहम आदेश में पूरे प्रदेश में जातियों के आधार पर की जा रही राजनीतिक दलों की रैलियों पर तत्काल रोक लगा दी थी। साथ ही इन पक्षकारों को नोटिस जारी की थी। मामले की अगली सुनवाई छह हफ्ते बाद होगी। गौरतलब है कि 2013 में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बसपा ने प्रदेश के करीब 40 जिलों में ब्राह्मण भाईचारा सम्मेलन किए थे। सपा ने भी लखनऊ में ऐसा ही सम्मेलन किया था। साथ ही उसने मुस्लिम सम्मेलन भी आयोजित किए थे। लोगों के बीच जहर घोलने का आरोप याची का तर्क था कि जातीय रैलियों ने सामाजिक



एकता व समरसता को नुकसान हो रहा है। ये समाज में लोगों के बीच जहर घोलने का काम कर रही हैं। यह संविधान की मंशा के खिलाफ है। याची ने केंद्र सरकार, प्रदेश सरकार, केंद्रीय निर्वाचन आयोग और राजनीतिक दलों को पक्षकार बनाया। नौ साल बाद फिर से सुनवाई नौ साल से अधिक समय से लंबित यह मामला बीते 11 नवंबर को कोर्ट के समक्ष आया तो नोटिस के बावजूद पक्षकारों की तरफ से कोई पेश नहीं हुआ। इस पर कोर्ट ने नए नोटिस जारी कर मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने का आदेश दिया। गत 16 जनवरी को सुनवाई के समय केंद्रीय निर्वाचन आयोग समेत केंद्र व राज्य सरकार के अधिवक्ता पेश हुए।

## तीमारदारों से भिड़े बाउंसर : आधे घंटे तक तड़पता रहा मरीज

लखनऊ ब्यूरो : केजीएमयू के लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग में मरीजों की जान डॉक्टर से ज्यादा बाउंसर के भरोसे हैं। लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग में सोमवार रात ऐसे ही एक मामले में मरीज की जान पर बन आई, जब बाउंसरों ने मरीज और तीमारदारों को भीतर जाने से रोक दिया। सोशल मीडिया पर मेसेज वायरल होने के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची। वहीं केजीएमयू प्रशासन ने इसके लिए सुरक्षा और अव्यवस्था का हवाला दिया। सीतापुर निवासी किशन को दिल संबंधी समस्या होने पर सोमवार रात सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया था। जांच के बाद हार्ट अटैक की आशंका जताई गई। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें लारी रेफर कर दिया। उनकी हालत गंभीर थी, पर गेट पर खड़े बाउंसरों ने उनको भीतर जाने से रोक दिया। बाउंसरों का कहना था कि नंबर आने पर ही उनको भीतर जाने दिया जाएगा। वहीं परिजन मरीज की हालत गंभीर होने की बात कहते हुए भीतर जाने की बात कह रहे थे। इसके बाद मामला ज्यादा बढ़ गया। बाउंसर उनकी बात सुनने को तैयार नहीं थे। इसके बाद परिवारीजनों ने पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस मौके पर आई पर उसकी भी विशेष सुनवाई नहीं हुई। इस दौरान करीब आधे घंटे तक मरीज तड़पता रहा। इसके बाद उसे इमरजेंसी में ले जाया गया। मरीज के परिजन प्रवीण के अनुसार किशन की हालत अभी भी नाजुक है। लिखित शिकायत पर कार्रवाई लारी कार्डियोलाजी विभाग में कई बार मरीजों के तीमारदारों द्वारा अभद्रता और तोड़फोड़ की घटनाएं हो चुकी हैं। इसको देखते हुए वहां पर बाउंसर तैनात किए गए हैं। अगर बाउंसर ने अभद्रता की है तो उसकी लिखित शिकायत की जानी चाहिए। जांच के बाद उस पर कार्रवाई की जाएगी। – प्रो. सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## शुक्रवार बीस जनवरी से मुंबई में होगा स्वबोध सत्संग समारोह



मुंबई ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : मनुष्य मात्र को उसके सच्चे सनातन धर्म से परिचित कराने एवं कार्तिक कृष्णपक्ष तिथि नवमी , विक्रम संवत् 2080, तद्नुसार शनिवार 28 अक्टूबर 2023 से स्वबोध पीठ वाराणसी में शुरू होने जा रहे ''चतुर्थ स्वबोध कुंभ'' के निमित्त जानकारी प्रदान करने हेतु ''स्वबोध आश्रम ज्योतिर्धाम पीठ'' के पीठाधीश्वर प्रज्ञा पुरुष ऊं श्री आनंदप्रभु एवं उनकी शिष्या आचार्या डॉक्टर सरोजिनी माँ कोईराजपुर, हरहुआ वाराणसी से चलकर भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई सभागृह, हनुमान नगर , कांदिवली (पूर्व) में पधार रहे हैं । स्वबोध जागरण दीप के संरक्षक, राकेशमणि तिवारी ने बताया कि – शुक्रवार, 20 जनवरी 2023 से रविवार 22 जनवरी 2023 तक अपराह्न के तीन बजे से सायंकाल के 6 बजे तक स्वबोध जागरण सत्संग समारोह के अतिरिक्त प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर के 1 बजे तक उपासना दीक्षा प्रबोध व प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है , इसके लिए भी जो इच्छुक श्रद्धालु चाहें वे लाभार्जित कर सकते हैं।

## सपा के तत्वाधान में विधान परिषद खंड स्नातक चुनाव की तैयारी बैठक संपन्न

आजमगढ़ पत्रकार राजकुमार जायसवाल : आजमगढ़ जनपद के बिलरियागंज विकासखंड अंतर्गत गुलवा एजेंसी पर सपा के तत्वाधान में गोरखपुर अयोध्या फैजाबाद विधान परिषद खंड स्नातक चुनाव की तैयारी के संबंध में एक चुनावी आवश्यक बैठक संपन्न हुई । बैठक के मुख्य अतिथि वरिष्ठ सपा नेता पूर्व मंत्री बलराम यादव रहे जिनका कार्यकर्ताओं





ने फूलों का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया । वही विशिष्ट अतिथि के रूप में सपा सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, रामआसरे विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष हवलदार यादव विधायक नफीस अहमद जुल्फिकार अहमद रहे । बैठक का संचालन डॉक्टर हरिराम यादव ने किया । बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जीत का मूल मंत्र दिया गया तथा सपा प्रत्याशी करुणा कांत मोर्य को दमखम के साथ जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं को जी जान से तैयारी में जुट जाने के लिए बात कही गई । इस अवसर पर राजेश पासवान, पूर्व एमएलसी राकेश यादव उर्फ गुड्डू, मुखराम यादव,जावेद अहमद उर्फ टीपू, हरेंद्र यादव,रामविजय यादव, अनवार प्रधान डॉक्टर हरिराम यादव, सहित सपा के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
अच्छी बात की चर्चा हर जगह करो, बुरी बात को समा लो।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## ऑक्सफैम रिपोर्ट : देश में आर्थिक विषमता पर खड़े होते गंभीर सवाल

प्रख्यात अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन के अनुसार यह नैतिक सवाल हमेशा पूछना चाहिए कि क्या हमें अमीर होने का हक है? हमें इस अत्यधिक गरीबी और असमानता भरे विश्व में रहते हुए संतुष्ट होने का अधिकार है? ये वो सवाल हैं, जो मानव जीवन में गैरबराबरी को केन्द्र में देखने के लिए प्रेरित करते हैं। यह सचमुच विसंगतिपूर्ण है कि भारत के केवल 21 सबसे बड़े अरबपतियों के पास देश के 70 करोड़ लोगों की सम्पत्ति से भी ज्यादा दौलत है, यानी मोटे तौर देश की आधी दौलत महज 21 अरबपतियों के पास है। यह खुलासा एक अंतरराष्ट्रीय एनजीओ ऑक्सफैम इंडिया की ताजा रिपोर्ट में हुआ है। 'ऑक्सफैम' भारत में आर्थिक और सामाजिक असमानता को कम करने के लिए क्षेत्र में 70 सालों से काम कर रही है और समय–समय पर देश की माली और सामाजिक स्थिति पर अध्ययन रिपोर्ट जारी करती है। ऑक्सफैम का पूरा नाम ऑक्सफैम कमिटी फॉर फेमिन रिलीफ (अकाल राहत के लिए ऑक्सफोर्ड समिति) है। इसकी शुरुआत द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान तब हुई, जब 1941 में ग्रीस पर धुरी राष्ट्रों का कब्जा होने के बाद मित्र देशों ने जवाब में ग्रीस का हुक्का पानी बंद कर दिया। नतीजतन ग्रीस में भयंकर अकाल पड़ गया। नाजियों की लूट और भयंकर अकाल ने ग्रीस में 3 साल में 3 लाख लोगों की जानें ले लीं। तब ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड में कुछ शिक्षाविदों और समाजविदों ने ग्रीस की खाद्यान्न मदद फिर शुरू करने के लिए एक एनजीओ की स्थापना की। यह संस्था कई देशों में काम करती है। इसने भारत में अपने काम की शुरुआत 1951 में बिहार में अकाल के अध्ययन से शुरू की थी।

अरबपतियों की संख्या बढ़ी

ऑक्सफैम की रिपोर्ट 'सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्टः द इंडिया स्टोरी' के मुताबिक, भारत में जहां वर्ष 2020 में अरबपतियों की संख्या 102 थी, वहीं 2022 में यह आंकड़ा 166 पर पहुंच गया है। यानी दो साल में 64 अरबपति बढ़ गए। यह रिपोर्ट स्विट्जरलैंड के दावोस में हो रही वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्लूईएफ) में पेश की की गई। ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट पर भारत सरकार ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन विपक्षी कांग्रेस, मोदी सरकार पर हमलावर हो गई है, क्योंकि यह रिपोर्ट कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मोदी सरकार पर बार बार लगाए जा रहे आरोप, कि यह सरकार सिर्फ अमीरों के हित में काम करती है, को पुष्ट करती है। हालांकि पिछले साल आई वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में गरीबी धीरे–धीरे घट रही है। बहरहाल ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 में कोरोना महामारी शुरू होने के बाद से नवंबर 2021 तक जहां अधिकतर भारतीयों को नौकरी संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा और अपनी बचत को बचाने के लिए जूझना पड़ा, वहीं पिछले साल नवंबर तक भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में 121 फीसदी का इजाफा देखा गया। रिपोर्ट के अनुसार कोरोना महामारी के इस दौर में भी भारत के अरबपतियों की दौलत में प्रतिदिन 3 हजार 608 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि वर्ष 2021 में भारत के 5 फीसदी लोगों का देश की कुल संपत्ति में से 62 फीसदी हिस्से पर कब्जा था। वहीं, देश की निचली 50 फीसदी आबादी देश की सिर्फ 3 फीसदी संपत्ति पर काबिज थी। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की संपत्ति 660 अरब डॉलर (करीब 54 लाख 12 हजार करोड़ रुपये) को पार जा चुकी है। इससे भारत का पूरा बजट 18 महीने तक चलाया जा सकता है। (भारत सरकार का पिछला बजट 39 लाख 44 हजार 909 करोड़ का था)। विश्लेषण के मुताबिक, अगर भारतीय अरबपतियों की कुल संपत्ति पर सिर्फ 2 फीसदी टैक्स ही लगाया जाए तो इससे अगले 3 साल तक कुपोषण के शिकार बच्चों के लिए सभी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। पिछले 10 सालों में भारत में पैदा हुई संपत्ति के गैर–बराबर बंटवारे के मुद्दे को भी रिपोर्ट में उठाया गया है। इसके अनुसार वर्ष 2012 से 2021 के बीच भारत में जितनी भी संपत्ति अस्तित्व में आई, उसका 40 फीसदी देश के सबसे अमीर 1 फीसदी के हाथ में गया। वहीं, 50 फीसदी जनता के हाथ में महज तीन फीसदी संपत्ति ही आई है। 'ऑक्सफैम' ही नहीं, रियल एस्टेट कंपनी नाइटफ्रेंक की 'वेल्थ रिपोर्ट 2023 एटीट्यूडसर्वे : इंडिया फाइंडिंग्स' के मुताबिक वर्ष 2022 में 35 फीसदी भारतीय धनाढ्यों की सम्पत्ति 10 फीसदी तक बढ़ी है। यही ट्रेंड 2023 में भी रहने की संभावना है। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि बीते साल दुनियाभर के देशों की अर्थव्यवस्था में गिरावट देखी गई, लेकिन भारत के बेहतर आर्थिक प्रदर्शन ने वैश्विक आर्थिक संकट को भी अपने ढंग से मात दी है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में एक अमीर के पास औसतन पांच मकान हैं, जबकि वैश्विक औसत 4.2 है। ये अमीर आमतौर पर इक्विटी, कमर्शियल प्रॉपर्टीज, बांड और सोने में ज्यादा निवेश कर रहे हैं। बढ़ती आर्थिक विषमता बढ़ते करती है सवाल वैसे भारत जैसे विकासशील देश में रईसों की संख्या बढ़ना इसलिए बहुत खुश करने वाला नहीं है, क्योंकि आर्थिक विषमता देश में घटने की बजाए बढ़ती ही जा रही है। चंद अमीरों के घरों में भले चकाचौंध करने वाला उजाला हो, लेकिन गरीब, जिनकी संख्या कुल आबादी का 16.4 फीसदी हिस्सा गरीब ही है। यानी 23 करोड़ लोग अभी भी गरीबी रेखा से नीचे जी रहे हैं। इनमें भी 4.2 प्रतिशत वो गरीब हैं, जिनके पास न तो रहने को आशियाना है और न ही दो वक्त का खाना है। जबकि वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.9 फीसदी रही है, जो किअच्छी मानी जाती है। इसके पहले संयुक्त राष्ट्र संघ भारत की इस बात को लेकर सराहना कर चुका है कि भारत में गरीबी धीरे–धीरे घट रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ की पिछली रिपोर्ट में कहा गया था कि पिछले 15 सालों में भारत में 41. 5 करोड़ लोग गरीबी के दायरे से बाहर निकले हैं। अगर इस रिपोर्ट को सही मानें तो ये लोग गरीबी के दायरे से निकलकर अब निम्न मध्यम वर्ग श्रेणी में आ गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति चिंताजनक बेशक सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण शहरी क्षेत्रों में गरीबी में कमी आई है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी बढ़ी ही है। वैश्विक भूख सूचकांक की वर्ष 2022 की रिपोर्ट में भारत 121 देशों की सूची में 107वें नंबर पर है, जबकि हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दावा कर रहे हैं और 5 ट्रिलियन डॉलर आर्थिकी होने का सपना देख रहे हैं। यह सचमुच विरोधाभासी स्थिति है कि एक तरफ देश में रईसों की दौलत दिन–दूनी बढ़ती जा रही है, वहीं गरीबों के लिए जीवनयापन दुष्कर होता जा रहा है। एक तरफ भारत में स्टार्टअप्स बढ़ते जा रहे हैं, वहीं बेकारी और गरीबी के कारण देश में आत्महत्याएं बढ़ती जा रही हैं। राज्यसभा में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक सवाल के लिखित जवाब में बताया था कि देश में वर्ष 2018–2020 के बीच 9140 लोगों ने बेकारी और 16 हजार 91 लोगों ने कंगाली के कारण खुदकुशी की। यहां सवाल यह है कि अगर रईसों के पास दौलत बढ़ रही है तो यह कहां रही है? आज भी गरीब को अपनी आय का बड़ा हिस्सा केवल खाने, रहने और स्वास्थ्य पर खर्च करना पड़ रहा है। यह विरोधाभास टैक्स भुगतान में भी है। ऑक्सफैम रिपोर्ट के अनुसार 64 फीसदी जीएसटी 50 फीसदी गरीब भर रहे हैं, जबकि टैक्स का केवल 10 फीसदी हिस्सा रईसों की जेब से आ रहा है। कई लोगों का मानना है कि आंकड़े पूरा सच नहीं होते। संभव है कि भारत सरकार भी ऑक्सफैम की रिपोर्ट खारिज कर दे या उसे अनदेखा करे, लेकिन यह रिपोर्ट देश में जारी राजनीतिक तनातनी में एक हथियार बन सकती है। खासकर इसलिए कि केन्द्र सरकार ने 2020–21 में देश के कारपोरेट घरानों को 1 लाख करोड़ से ज्यादा की टैक्स छूट दी थी। यह कर छूट मनरेगा के बजट से भी ज्यादा बताई जाती है। वैसे देश में अमीर बढ़ें, इसमें कोई बुराई नहीं है, लेकिन गरीबी भी उसी अनुपात में घटे तो कोई बात बने। यूं सरकार गरीब कल्याण की भी कई योजनाएं चला रही हो, लेकिन उनकी सार्थकता तब है, जब अमीर और गरीब का फासला कम से कम हो।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

## 2 बच्चों का बाप भाजपा नेता हुआ : सपा नेता की बेटी के साथ फरार? मुकदमा दर्ज

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बहुत हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है।यहां भारतीय जनता पार्टी के अधेड़ उम्र के नगर महामंत्री पर अपनी से आधी उम्र की युवती को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगा है. आरोप है कि 47 साल का बीजेपी नगर महामंत्री एक समाजवादी पार्टी के नेता की 26 साल की बेटी को शादी को झांसा देकर, उसे बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया. सपा नेता ने मामले की पुलिस से शिकायत की है. पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीजेपी नेता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस मामले के सामने आती ही समाजवादी पार्टी समर्थकों की ओर से सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर पूछा गया है कि योगी सरकार अब अपने चरित्रहीन भाजपा नेता को पार्टी से निष्कासित कर उसकी गिरफ्तार कराएगी या फिर आरोपी को माला पहनाकर उसको महिमामंडित करेगी? सपा इस मामले को लेकर भाजपा को घेर रही है. इस मामले के सामने आते ही भाजपा ने उसे पार्टी से निष्कासित कर दिया है। शहर कोतवाली इलाके से सामने आया है. आरोप है कि भाजपा के नगर महामंत्री आशीष शुक्ला, समाजवादी पार्टी के एक बड़े नेता की 26 साल की बेटी को बहला–फुसलाकर भगा ले गए. सपा नेता की ओर से पुलिस से की गई शिकायत में कहा गया है कि भाजपा नगर महामंत्री आशीष शुक्ला 13 जनवरी को उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर बहला–फुसलाकर भगा ले गया है.2 बच्चों का पिता है आरोपीसपा नेता के मुताबिक आरोपी भाजपा नेता दो बच्चों का पिता है. सपा नेता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बीजेपी नेता के खिलाफ युवती को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है. अब पुलिस फरार भाजपा नेता आशीष शुक्ला और सपा नेता की बेटी की खोजबीन में जुटी है. इस मामले में पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है शीघ्र ही युवती को बरामद किया जाएगा और पूरे मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी.इस पूरे मामले पर अनिल कुमार (अपर पुलिस अधीक्षक) हरदोई ने बताया, "13 जनवरी को एक व्यक्ति ने थाना कोतवाली शहर में प्रार्थना पत्र दिया है कि 13 जनवरी को उनकी बेटी जिसकी उम्र लगभग 26 साल है, वह घर से कहीं चली गई. पता करने पर उनको पता चला कि आशीष शुक्ला नाम का एक व्यक्ति शादी का झांसा देकर उसे बहला–फुसलाकर उसको कहीं भगा ले गया है. पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है. जल्द ही दोनों को बरामद कर लिया जाएगा।

## एकार्यदायी कंपनी को लेकर तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र पहुंचे यूपीएसआईसी के अफसर

लखनऊ ब्यूरो : तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र के दिन बहुरेंगे। इसकी शुरुआत हो चुकी है। उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम (यूपीएसआईसी) ने टेंडर फाइनल कर दिया है। मंगलवार को यूपीएसआईसी के अधिकारी कार्यदायी कंपनी के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। नाप जोख–निरीक्षण के बाद तय हुआ कि इसी हफ्ते इलाके में काम शुरू हो जाएगा। यूपीएसआईसी के अधिशासी अभियंता अरुणा झा, सहायक अभियंता प्रियांक द्विवेदी, अवर अभियंता अविनाश चंद्र कार्यदायी कंपनी के हरी शंकर वर्मा और वीरेंद्र कटियार के साथ दोपहर बाद औद्योगिक क्षेत्र पहुंचे थे। वहां तालकटोरा इंडस्ट्रियल एस्टेट इंडस्ट्रीज ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मो. युनुस सिद्दीकी ने पूरे इलाके का निरीक्षण करने में मदद की। अरुणा झा ने बताया कि नाप–जोख, निर्माण की जरूरतों का आकलन कर लिया गया है। काम पूरा करने में 7.5 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। पहले पानी की पाइपलाइन डाली जाएगी। उसके बाद ड्रेनेज सिस्टम को सुधारते हुए सड़क बनाई जाएगी। मो. युनुस सिद्दीकी ने कहा कि अगले दो दिन में मजदूरों के रहने के लिए स्थान बनाए जाएंगे। अफसरों ने लगातार काम कर इसे जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा।

## नई कंपनी का चुनाव होने तक जुगाड़ से होगी सफाई

लखनऊ ब्यूरो : नगर निगम भी कचरा प्रबंधन के लिए वही जुगाड़ अपनाएगा, जिससे अभी तक चीनी कंपनी ईकोग्रीन काम चला रही थी। नगर निगम भी उन चार पेटी ठेकेदारों से कूड़ा कलेक्शन का काम कराएगा जो ईकोग्रीन के लिए काम कर रहे हैं। ईकोग्रीन से अनुबंध निरस्त करने से पहले ही नगर निगम ने अपना यह प्लान बी तैयार कर लिया था। शिवरी प्लांट पर कूड़े का पहाड़ लगाने केबाद जब कंपनी पर सख्ती हुई तो उसने काम सुधारने के बजाय कमाई का नया तरीका निकाला। उसने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का काम ठेके पर उठा दिया, जिसे लेकर नगर निगम सदन में हंगामा भी हुआ था। इसके बाद भी यह सिलसिला जारी रहा और कंपनी ने डोर टू डोर कलेक्शन से लेकर प्लांट तक काकाम ठेके पर उठा दिया। ऐसे में कंपनी ठेके में ठेका देकर दोहरी कमाई में लग गई, लेकिन कंपनी जब पेटी ठेकेदारों का भुगतान अटकाने लगी तो उसके कर्मचारी हड़ताल करने लगे। इसके बाद ही मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब के निर्देशन में तय हुआ कि ईकोग्रीन के बजाय सीधे पेटी ठेकेदारों को ही भुगतान किया जाए। इसके लिए उनके साथ अनुबंध किया जाए। आठ अलग–अलग कंपनियों को काम देने की योजना कचरा प्रबंधन के लिए नई कंपनी की तलाश बीते साल अगस्त में ही शुरू हो गई थी। नई कपंनी के चुनाव को लेकर 31 अगस्त को स्मार्ट सिटी कंपनी के ऑफिस में विभिन्न कपंनियों की कॉन्फ्रेंस हुई थी। इसमें देशभर से आई 18 कंपनियों का प्रजेंटेशन देखने के बाद महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा था कि किसी एक कंपनी को पूरे शहर का काम देना ठीक नहीं है, इसलिए अब हर जोन में एक ही कंपनी को कूड़ा कलेक्शन से लेकर निस्तारण तक का काम दिया जाएगा। कूड़ा निस्तारण की जगह भी नगर निगम हर जोन में उपलब्ध कराएगा। नई व्यवस्था में किसी कंपनी के साथ यह अनुबंध नहीं किया जाएगा कि वह कितने साल तक काम करेगी। यदि किसी जोन की कंपनी सही काम नहीं करेगी तो उस जोन का काम दूसरे जोन की उस कंपनी को देंगे जो अच्छा काम करेगी। अनुबंध निरस्त होते ही नगर निगम में दिखने लगे ईकोग्रीन वाले ईकोग्रीन कंपनी के जो अधिकारी अब तक मिल नहीं रहे थे, वे अनुबंध निरस्त होने की जानकारी मिलते ही मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय पहुंच गए। उनका कहना था कि उन्हें कार्रवाई की जानकारी ही नहीं दी गई। वहीं दूसरी ओर ईकोग्रीन कंपनी के कुछ पुराने अधिकारी जिन्होंने हाल में कंपनी छोड़ी है, वे भी अपने लिए नई नौकरी की तलाश करते दिखे। सूत्रों ने बताया कि ईकोग्रीन के कुछ और अधिकारी नौकरी छोड़ने वाले हैं।

## तीन अभियुक्तों को अबैध रैपर ढक्कन व शराब के साथ किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर व श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन मे आबकारी निरीक्षक अब्दुल कैश (क्षेत्र प्रथम सदर जौनपुर) चौकी प्रभारी राजकालेज व चौकी प्रभारी पुरानीबाजार के साथ मुखवीर की सूचना पर राजा साहब पोखरा के पास से मोटर साईकिल सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशानदेही पर दो अभियुक्त के पास से अबैध रैपर व ढक्कन, शराब के साथ दिनाँक 17.1.23 को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थनीय पर मु0अ0स0–09/2023 धारा 419/420/467/468/471 भादवि0 व 60/72 आबकारी अधि0 पंजीकृत किया गया है तथा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. जितेन्द्र कुमार पुत्र विजय कुमार नि0 ईशापुर थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। 2. जाहिद अली पुत्र जफरुद्दीन नि0 रौजा अर्जन थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। 3. विनोद यादव पुत्र पतिराम यादव नि0 सरैया थाना जफराबाद जनपद जौनपुर। वाँछित अभियुक्त– 1– सूरज यादव पुत्र अज्ञात नि0 लाडलेपुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर



। बरामदगी–1– 42 पव्वा शराब 2– 360 नकली राजस्व सुरक्षा क्यूआर कोड ,3– 5096 ढक्कन 4– 6000 रैपर 5– एक मोटरसाईकिल हिरो एचएफ डिलक्सपंजीकृत अभियोग– 1– मु0अ0सं0 – 009/23 धारा 419/420/467/468/471 भादवि0 व 60/72 आबकारी अधि0 थाना कोतवाली जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम 1– अब्दुल कैस, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम सदर जौनपुर मय टीम। 2– उ0 नि0 आफताब आलम थाना कोतवाली जनपद जौनपुर मय टीम । 3– उ0 नि0 रामप्रकाश यादव ,हे0 का0 विनोद प्रताप,का0 पप्पू प्रकाश गौड थाना कोतवाली जौनपुर।

## प्राकृतिक सम्पदाओं के प्रति सामूहिक दायित्व – प्रोफेसर एस पोद्दार

मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ : पृथ्वी की उत्पत्ति उसके रहस्यों उसमें हो रहे परिवर्तनों पर व्यापक विमर्श और मंथन करने के लिए आज शिक्षविदों वैज्ञानिकों शोधार्थियों के व्याख्यान भी हुए और अनेक महत्वपूर्ण शोधपत्र भी प्रस्तुत किए गये। आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज लखनऊ में " सतत विकास एवं पर्यावरण संरक्षण" विषयक में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ हुआ। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप महाराजा वीर विक्रम विश्वविद्यालय त्रिपुरा के कुलपति प्रोफेसर सत्यदेव पोद्दार मौजूद रहे। अपने सारगर्भित उद्बोधन में उन्होंने कहा कि पर्यावरण की समस्या का समाधान तभी होगा जब आप इतिहास की गलतियों से सबक लेंगे। आज की पीढ़ी को ये जानने की जरूरत है कि हमसे कहाँ पर गलती हुई। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी अगर चाहती है कि यदि उन्हें बच्चे साफ हवा फूल पौधे अगर देखे तो अभी से जागरुक होना होगा हमें आने वाली पीढ़ी की चिंता करना जरूरी है। धारणीय विकास के लिए आवश्यक है कि प्रकृति के प्रति आत्मीयता का बोध व सोच हम सभी लोग विकसित करें। हम प्रकृति से उतना ही लें, उतने का ही उपभोग करें जितना आवश्यक है। अपने संबोधन में माननीय कुलपति जी ने यह भी आह्वान किया कि प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग करने वालों के विरुद्ध और कठोर कानून बनाने एवं कडे दंड का प्रावधान करने की आवश्यकता है।अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने कहा कि पर्यावरण की चिंता बचपन से की जानी चाहिये। उन्होंने कहा कि इस सेमिनार से जो निष्कर्ष निकलेंगे वो सारी देश दुनिया के लिए लाभदायक होंगे। उन्होंने कहा कि आज इंटर्नेट के दौर में जानकारी प्राप्त करना बहुत आसान हो गया है। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि सहित बीज वक्ता डाक्टर अमित धारवारकर उप महाप्रबंधक भू विज्ञान सर्वेक्षण विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य श्री पवन सिंह चौहान नालंदा विवि में संस्कृत प्रोफेसर विजय कर्ण प्रोफेसर अरुण मोहन शेरी प्रोफेसर एन के पाण्डे भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष का विस्तार से परिचय देते हुए स्वागत किया। गोष्ठी के संयोजक प्रोफेसर शरद वैश्य ने गोष्ठी की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सतत विकास पर सम्यक् विचार की आवश्यकता है। आज आर्टिफिशल इंटेल्लीजेंस के माध्यम से बहुत कुछ किया जा रहा है।गोष्ठी में सोविनियर सहित लोयला कालेज के प्रोफेसर के एस सुमन द्वारा सम्पादित संस्कृत ई जर्नल जाह्नवी का विमोचन भी किया गया। साथ ही डाक्टर राजीव यादव द्वारा लिखित पुस्तक "understanding of environment थ्रू literature" का भी विमोचन इस अवसर पर किया गया। बीज वक्ता डाक्टर अमित धारवरकर ने अपने अन्तरकर्टीका





अभियान को लोगों से साझा किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण कोई स्थानीय या एक देश का मुद्दा नहीं है बल्कि ये ग्लोबल चिंता का विषय है।उन्होंने बताया कि अँटकारटिका नो मैन लैंड होने के कारण उसका चयन अभियान के लिए किया गया।अँटाकारतिका के विषय में एक खास बात उन्होंने बातया कि आप पानी पर भी वहाँ चल सकते हैं।शोधार्थियों द्वारा किए गए प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने बताया कि पर्यावरण के प्रति लोगों की कुछ जागरूकता बढ़ी है इसलिए ओजोन परत का क्षरण कुछ कम हुआ है।एम एल सी श्री पवन सिंह चौहान ने कहा कि हम सबको प्रकृति के साथ संतुलन बैठाकर चलने की आदत डालनी होगी। जल बचाने का अभ्यास हमें घर से ही करना होगा। उन्होंने ये भी कहा कि बेटियों को आगे बढ़कर जागरूकता लाने का काम करना होगा।आइ आइ आइ टी लखनऊ के निदेशक प्रोफेसर अरुण मोहन शेरी ने कहा कि वर्तमान में ई वेस्ट पर्यावरण के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा इलेक्ट्रॉनिक सामग्री की डाम्पिंग वैज्ञानिक तौर तरीकध्े से करनी चाहिये। भारत थ्री ट्रीलियन अर्थ व्यवस्था की ओर तभी बढ़ सकेगा जब पर्यावरण संतुलित होगा।प्रोफेसर एन के पांडे ने कहा कि पर्यावरण के प्रति शिक्षकों और छात्रों की बड़ी भूमिका है । एक शिष्य जब शिक्षक के सामने बड़ा कार्य करता है तो शिक्षक को गर्व होता है।उन्होंने छात्र छात्राओं जा आवाहन किया कि वे अपने मन और शरीर को भी सतत विकास की ओर ले जायें।प्रोफेसर विजय कर्ण ने कहा कि धारणिय विकास की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि पंचभूत ही भगवान है। हमें पृथ्वी जल आकाश और हवा की रक्षा करनी है। उन्होंने सरकार की सुफला सूजला और नीली अर्थव्यवस्था की चर्चा करते हुये कहा कि ये अत्यंत महत्वकांक्षी है।आयोजन सचिव डाक्टर राघवेंद्र प्रताप नारायण ने गोष्ठी की परिकल्पना प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।इस सेमिनार में विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के लिए चार तकनीकी सत्रों का भी आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने विचार साथ ही शोध पत्र भी प्रस्तुत किये। गोष्ठी के उद्घाटन सत्र का सफल और प्रभावी संचालन डाक्टर शालिनी श्रीवास्तव ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रताप नारायण ने किया। कार्यक्रम में आयोजन से जुड़ी समितियों के डाक्टर पुष्पा यादव डाक्टर ज्योति डाक्टर पारुल मिश्र डाक्टर राहुल डाक्टर रोशनी डाक्टर भास्कर शर्मा सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं देश के विभिन्न भागों से पधारे शोधार्थी वैज्ञानिक शिक्षाविद लखनऊ के विभिन्न कालेजों के प्राचार्य शिक्षक एवम छात्र छात्राएँ बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस पीजी कॉलेज में दो दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन

मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ : एडवांसमेंट स्ट्रेटजी फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड इनवायरमेंट प्रोटेक्ट ,विषय पर दो राष्ट्रीय सेमिनार नेता जी सुभाष चंद्र बोस गवर्नमेंट पी जी कॉलेज अलीगंज लखनऊ मै चल रहा है।इस सेमिनार मै महाविद्यालय की एमएससी जूलॉजी की छात्राओं ने पोस्टर प्रेजेंटेशन मै उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया ।जो सराहनीय रहा,छात्राओं ने अपनी सफलता और प्रेरणा के लिए विभाग प्रभारी डॉक्टर पुष्पा यादव,ज्योति और रोशनी



मैडम का आभार जताया।

## नौकरी के नाम पर 35 लाख की ठगी : कोचिंग संचालकों ने सरकारी विभागों में जॉब दिलाने का दिया था झांसा

लखनऊ ब्यूरो : एफसीआई, पीडब्ल्यूडी, एलडीए और बिजली विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर कोचिंग सेंटर के संचालकों ने बेरोजगारों से 35 लाख रुपये ठग लिए। नौकरी न मिलने पर पीड़ितों ने रुपये वापस मांगे तो धमकी दी गई। पीड़ितों की तहरीर पर विकासनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। प्रभारी निरीक्षक विकासनगर अजय कुमार सिंह के मुताबिक गोरखपुर के खजनी भलुवान निवासी राजेंद्र वर्मा ने बताया कि लखीमपुर खीरी के मैलानी निवासी कुलदीप गुप्ता व प्रदीप कुमार गुप्ता कुर्सी रोड अलीगंज में आरबीसी कोचिंग सेंटर चलाते हैं। दोनों से उनके कोचिंग सेंटर पर मुलाकात हुई थी। इस दौरान घघसरा बाजार के सुरेंद्र वर्मा, सज्जनलाल वर्मा, सहजनवां के टाटेवारी के महेंद्र सिंह, उनवल के चिरकूट वर्मा, मलिहाबाद के हरिश्चंद्र कन्नौजिया, बाराबंकी के सतरिख निवासी दिनेश कुमार यादव भी मौजूद थे। सभी से कुलदीप व प्रदीप ने एफसीआई, पीडब्ल्यूडी, एलडीए और बिजली विभाग के अधिकारियों से अच्छी पकड़ बताई। कहा कि सभी को




नौकरी दिला देंगे। इसके लिए रुपये देने होंगे। राजेंद्र के मुताबिक सभी ने 35.90 लाख रुपये कुलदीप व प्रदीप को दिए। इसमें कुछ रकम नकद और कुछ खाते में जमा कराई। करीब चार साल बीत जाने के बाद भी किसी को नौकरी नहीं मिली तो सभी ने रकम वापस करने के लिए दबाव बनाया। इस पर आरोपियों ने फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक कोचिंग संचालकों पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जी 20 की अध्यक्षता करना दुनिया में भारत की बढ़ती ताकत का परिचायक– ममता पाण्डेय

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत जी–20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। भोपाल में दो दिवसीय थिंक–20 की बैठक में आये हुए विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों का भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय के नेतृत्व में प्रतीकात्मक अभिनंदन अयोध्या में किया गया। राम की पैड़ी व लता मंगेश्कर चौक में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मोर्चा की पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्ले कार्ड लेकर मार्च निकाला व भारत की इस बड़ी उपलब्धि के बारें में लोगो को जानकारी दी। महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जी 20 की अध्यक्षता करना दुनिया में भारत की बढ़ती ताकत का परिचायक है। यह वर्तमान नेतृत्व को लेकर दुनिया का भारत के प्रति बढ़ते भरोसे को भी दर्शाता है। वसुधैव कुटुम्बकम् के भाव को अपने भीतर समाहित करते हुए भारत सदा से आपदा की घड़ी में पूरे विश्व के साथ खड़ा रहा है। आतंकवाद के खिलाफ भारत के द्वारा उठाये गये कठोर कदमों की सराहना वैश्विक स्तर पर होती रही है। कोविड काल में भारत आत्मनिर्भरता के पथ पर तेजी से बढ़ने के साथ विश्व के कई देशों की मद्द के लिए भी खड़ा रहा। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा बसंती सिंह, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा सरोज मिश्रा, महानगर अध्यक्ष आशा गौड़, कुमकुम जी, सुमन पासवान, माया सिंह, नीलम जायसवाल, अनीता द्विवेदी, जया मिश्रा की उपस्थिति रही।

# सरकारी जमीन से प्रशासन ने हटवाया कब्जा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) विकासखंड सोहावल की ग्राम सभा लखोरी में पानी की टंकी बनाने में बाधा बन रहे अतिक्रमण को सोहावल तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर सोमवार को हटवा दिया।जमीन गाँव के ही रमेश सिंह ने 40 मीटर बाई 25 मीटर के रूप में अवैध रूप से कब्जाकर रखी थी।उक्त जमीन पर अतिक्रमण कर्तता ने आलू तथा साग सब्जी उपजा कर रखा था। तहसीलदार सोहावल पवन कुमार गुप्ता ने बताया काफी समय से तहसील प्रशासन उक्त जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए कह रहा था लेकिन कब्जेदार रमेश सिंह सुनने के लिए राजी नहीं था इसलिए उक्त अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया। इस कार्यवाही में तहसीलदार सोहावल पवन कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला, लेखपाल तथा कानूनगो सहित आदि मौजूद रहे।

# जालसाजों ने बेच डाली आवास संघ की करोड़ों की जमीन : 73 लोगों को की रजिस्ट्री

लखनऊ ब्यूरो : चिनहट में सहकारी आवास निर्माण एवं वित्त निगम लि. (पूर्ववर्ती आवास संघ) की पूर्वी विहार आवासीय योजना की 1,13,021 वर्गफीट जमीन जालसाजों ने बेच दी। इसकी कीमत करोड़ों में है। जाली दस्तावेज तैयार कर 73 लोगों को जमीन की रजिस्ट्री की गई। सहायक लेखाकार राममूर्ति की तहरीर पर पांच जालसाजों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव के मुताबिक राममूर्ति के मुताबिक कंचनपुर मटियारी, तकरोही हरदासीखेड़ा, चिनहट व कमता में प्रदेश सरकार के निर्देश पर 265. 499 हेक्टेयर जमीन आवास संघ ने योजना के लिए फरवरी 2001 में अधिग्रहीत की थी। इसमें से कंचनपुर मटियारी के खसरा नंबर 500 (1,13,021 वर्गफीट जमीन) के मालिकों ने अप्रैल 2002 में अपर जिलाधिकारी भू–अर्जन कार्यालय में आपसी समझौता कर लिया। इस पर आवास संघ ने इन्हें मुआवजे के रूप में कुल 14,52,564 रुपये दिए। राममूर्ति का आरोप है कि मुआवजा लेने के बाद जमीन मालिकों ने जाली दस्तावेज तैयार किए। इसके आधार पर कंचनपुर मटियारी के रामपाल, मधुराम, शिव कुमार यादव, मनोज कुमार यादव, राकेश कुमार यादव ने जमीन बेचना शुरू कर दिया। शातिरों ने 11 साल में 1,13,021 वर्गफीट जमीन की 73 लोगों को रजिस्ट्री कर दी। इसकी जानकारी पर सात दिसंबर को निगम के कर्मचारी विमल सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह अवैध कब्जा हटाने का नोटिस देने गए। हालांकि, टीम को न तो नोटिस चस्पा करने और न ही बोर्ड लगाने दिया गया। आरोपी मारपीट पर भी आमादा हो गए। राममूर्ति की तहरीर पर पांचों पर जाली दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करने और अवैध कब्जा करने का केस दर्ज किया गया है। चिनहट के चार गांवों की 650 एकड़ जमीन में विकसित होने वाली आवास संघ की यह योजना दो दशक से लंबित है। यहां की अधिकतर जमीन पर कब्जा है। आवास संघ ने एलडीए और आवास विकास परिषद को यहां योजना के लिए मौजूद जमीन का अधिग्रहण कर विकास कराने का प्रस्ताव दिया, लेकिन अतिक्रमण को देखते हुए दोनों ही आगे नहीं आए।

# मौनी अमावस्या पर बढ़ेंगे दो घाट : अब 17 घाटों पर लगेगी डुबकी : शहर में भारी वाहनों की नो एंट्री

प्रयागराज ब्यूरो : सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर 21 जनवरी को 17 घाटों पर पुण्य की मौन डुबकी लगेगी। इस स्नान पर्व पर अधिक भीड़ आने के अनुमान को लेकर दो घाट बढ़ाए जाएंगे। मंगलवार को मौनी अमावस्या स्नान पर्व की तैयारियों पर मंथन के बाद मेला प्रशासन ने यह निर्णय लिया। इससे पहले मकर संक्रांति पर 15 घाटों पर स्नान की व्यवस्था की गई थी।स्नान पर्व की तैयारियों के बीच चकर्ड प्लेटें बदलने, पथ प्रकाश, पेयजल और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। मौनी अमावस्या पर इस बार अपार जन सैलाब उमड़ने का अनुमान है। इसे देखते हुए अभी से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। खास तौर से मेले की बसावट के बीच मूलभूत सुविधाओं की नए सिरे से समीक्षा की जा रही है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने भी मौनी अमावस्या स्नान पर्व की तैयारियों की जानकारी ली है। साथ ही अफसरों के साथ समन्वय बनाकर सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के साथ सुविधाओं का ख्याल रखने का निर्देश दिया है।मेलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने विभागवार अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान आठ सौ फीट घाटों की लंबाई बढ़ाने का निर्णय लिया गया। सिंचाई विभाग बाढ़ प्रखंड के अभियंताओं को स्नान घाटों को दुरुस्त कराने के साथ ही दो नए घाट बनाने के निर्देश दिए गए। सेक्टरवाइज जगह मिलने पर कुछ घाटों की लंबाई बढ़ाई भी जा सकती है। मेलाधिकारी ने बताया कि चकर्ड प्लेट मार्गों की मरम्मत कराने के साथ ही पथ प्रकाश और सफाई व्यवस्था को नए सिरे से देखने के लिए कहा गया है। ओम नमः शिवाय के अन्नक्षेत्र को मौनी अमावस्या पर दो दिन बंद रखने का निर्देश मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर भीड़ के अनुमान के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को ओम नमः शिवाय अन्नक्षेत्र को 20 और 21 जनवरी को दो दिन बंद रखने का निर्देश दिया है। इस संस्था के शिविरों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में संत और भक्त प्रसाद ग्रहण करते हैं। शहर में अगले चार दिन तक भारी वाहनों की नोइंट्री मौनी अमावस्या के मद्देनजर शहर में भारी कॉमर्शियल वाहनों की इंट्री पर 19 से 23 जनवरी तक रोक रहेगी। यह प्रतिबंध बुधवार रात से ही लागू हो जाएगा। जो 23 जनवरी की रात 12 बजे तक रहेगा। जनपद सीमा के भीतर नो इंट्री प्वाइंटों से भारी कॉमर्शियल वाहनों को शहर क्षेत्र की ओर प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। नो इंट्री पास वाले वाहनों पर भी लागू रहेगी। इन्हें पुलिस चौकी बम्हरौली, टीपी नगर तिराहा, सहसों चौराहा, फाफामऊ थाना,नवाबगंज बाईपास, हबूसा मोड़, 40 नंबर गुमटी, रामपुर चौराहा, घूरपुर थाना गेट, सोरांव बाई पास नो इंट्री प्वाइंट से डायवर्ट किया जाएगा। मौनी अमावस्या के लिए शहर से चलने वाली प्राइवेट बसों के संचालन की भी नई व्यवस्था 20 व 21 जनवरी को लागू होगी। इसके तहत मिर्जापुर व रीवा मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बसों का संचालन नवप्रयागम/अरैल मोड़ तिराहे के पास से होगा। जौनपुर वाराणसी मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बसों का संचालन ओल्ड जीटी मार्ग पर स्थित होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर तिराहे से होगा। अंदावा चौराहा से प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।कानपुर मार्ग की प्राइवेट बसों का संचालन शेरवानी मोड़ के समीप नेहरू पार्क से होगा। शेरवानी मोड़ से शहर की तरफ प्रवेश पर रोक रहेगी। लखनऊ व प्रतापगढ़ मार्ग की प्राइवेट बसें फाफामऊ पानी टंकी तिराहे से चलेंगी। फाफामऊ पानी टंकी तिराहा से शहर की तरफ उनके आने पर रोक रहेगी। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के वाहन यहां होंगे पार्क मेले में आने वाले श्रद्धालु अपने वाहन माघ मेला क्षेत्र में बने हेलीपैड पार्किंग के साथ प्लाट नंबर 17, काली सड़क पर यातायात पुलिस लाइन के सामने व बगल में बनी पार्किंग, पांटून पुल वर्कशाप एवं गल्ला मण्डी दारागंज में पार्क करेंगे। भीड़ अधिक होने पर यह होगी व्यवस्था मिर्जापुर, रीवा की ओर से आने वाले वाहनों को लेप्रोसी चौराहा के बगल में नवप्रयागम पार्किंग, एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट पार्किंग जौनपुर, वाराणसी की ओर से आने वाले वाहनों को कटका तिराहा से डायवर्ट कर मेला कछार, त्रिवेणीपुरम पार्किंग कानपुर की ओर से आने वाले वाहनों को सीएमपी कॉलेज, केपी कॉलेज, जीआईसी मैदान पार्किंग लखनऊ व प्रतापगढ़ की ओर से आने वाले वाहनों को कर्नलगंज इंटर कॉलेज, मूकबधिर कॉलेज, भारत स्काउट, एमएनएनआईटी पार्किंग मौनी पर चलेंगी 2800 बसें मौनी अमावस्या के मौके पर रोडवेज की ओर से 2800 बसें चलाई जाएंगी। मंगलवार को हुई बैठक में स्नानार्थियों की संभावित भीड़ को देखते हुए 10 क्षेत्रीय कार्यालयों के अफसरों की मौजूदगी में बसों के संचालन की योजना बनाई गई। इस मौके पर 2800 बसों के संचालन का निर्णय लिया गया। वाराणसी, लखनऊ, मिर्जापुर, कानपुर समेत 100 मार्गों पर विशेष चलाई जाएंगी। 200 बसें रिजर्व में रहेंगी। क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया कि सिविल लाइंस पत्थर गिरजाघर, झूंसी, लैप्रोसी मिशन समेत चार स्थानों पर अस्थाई बस अड्डे बनाए गए हैं। भीड़ बढ़ने पर इन स्थानों से बसों का संचालन किया जाएगा। अन्यथा, स्थाई बस अड्डों से संचालन जारी रहेगा। संगम तट पर एनडीआरएफ ने संभाली कमान माघ मेला एवं संगम स्नान के लिए आने वाली भीड़ को देखते हुए एनडीआरएफ की टीम की भी तैनाती की गई है। 11 एनडीआरएफ वाराणसी की दो टीमें 24 घंटे निगरानी रख रही हैं। मौनी अमावस्या को देखते हुए सतर्कता बढ़ा दी गई है। टीम में कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा, निरीक्षक इंद्रदेव कुमार, दीपक मंडल, अनिल कुमार, उप निरीक्षक चंदन सिंह, प्रेम सिंह आदि शामिल हैं।

# मुकदमा के दहशत में शेखपुर जाफर के ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

अयोध्या।(सरवन कुमार संवाददाता)रौनाही थाना क्षेत्र के शेखपुर जाफर गांव में अधिवक्ता बंधु का इतना खौफ हो गया है कि लोग अब गांव में रहने से कतराने लगे हैं। गांव वालों का कहना है कि गांव निवासी वकील बंधु काले कोट की आड़ में गांव वालों को इतना परेशान कर दिया है कि किसी भी मामले में उनके ऊपर फर्जी मामले दर्ज करा देना इनका रोजमर्रा का काम हो गया है । यही नहीं ग्रामीणों का आरोप है कि यह अधिवक्ता बंधु घर से बाहर शहर में रहकर कामधाम करने वाले सहित गांव की औरतों व नाबालिग बच्चों को भी फर्जी मुकदमों में फसाकर उनसे अवैध वसूली कर व समझौता करके मामले को रफा–दफा कर देते हैं। थक हार कर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उप जिला अधिकारी सोहावल से किया है। दये गये शिकायती पत्र में शेखपुर जाफर के लगभग 70 लोगों ने आरोप लगाया है कि हमारे ही गांव के अनुसूचित जाति के अनिल कुमार सुनील कुमार आशीष कुमार आदि दबंग किस्म के व्यक्ति के साथ कुछ लोग अधिवक्ता भी हैं स अधिवक्ता होने की आड़ में इन्होंने पूरे गांव को फर्जी मुकदमे में फंसाकर भविष्य चौपट कर दिया है भविष्य में भी लोगों को फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भेजवाने की धमकी दिया करते हैं । ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है इनका पैतृक गांव इसी थाना क्षेत्र के सरायनामू है स जहां इन लोगों ने कई लोगों को फर्जी मुकदमे में फंसा कर उनको परेशान कर दिया हैं। वे लोग वर्षो से कोर्ट कचहरी का चक्कर काट रहे हैं।ग्रामीणों ने यहां तक कह डाला है कि अगर इन पर कार्यवाही करके फर्जी मुकदमों को नहीं रोका गया तो यह लोग अपनी जान भी देने में कोई गुरेज नहीं करेंगे। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर उप जिलाधिकारी सोहावल मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले का प्रार्थना पत्र ग्राम वासियों द्वारा दिया गया है जिस पर जांच करके उचित कार्यवाही की जायेगी।

## सपा ने पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर की तैयारी बैठक

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) गोरखपुर फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के सपा प्रत्याशी करुणाकांत मौर्य को जिताने के लिए समाजवादी पार्टी ने पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर तैयारी बैठक की तैयारी बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गंगासिंह यादव और संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया । स्नातक विधानपरिषद चुनाव के लिए जिला अयोध्या प्रभारी पूर्व मंत्री विधायक लाल जी वर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि यह चुनाव समाजवादी पार्टी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है इसलिए सभी कार्यकर्ता प्रत्याशी करुणाकांत मौर्य बनकर चुनाव में उतरे । प्रत्याशी करुणाकांत मौर्य ने सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया की सभी मतदाताओं से संपर्क करना जरूरी है । पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा अयोध्या विधान सभा में ६ बूथ हैं तथा सबसे ज्यादा वोटर भी यहीं हैं।उन्होंने कहा की १६जनवरी को ११ बजे पार्टी कार्यालय पर महानगर की तथा २बजे पूरा बाजार के बूथों की बैठक होगी । विधायक अभय सिंह ने अपने विधानसभा के सभी बूथों के लिए तैयारी बैठक २० जनवरी को तारून कार्यालय पर करने की बात कही । मिल्कीपुर , बीकापुर और रुदौली विधानसभाओं की तैयारी बैठक २० जनवरी को ही की जाएगी । बैठक में मुख्य रूप से लीलावती कुशवाहा , छेदी सिंह ,छोटेलाल यादव , अवधेश यादव , पारसनाथ यादव , मनोज जायसवाल , बाबूराम गौड चौधरी बलराम यादव अमृत राजपाल , चौधरी शहरयार , सियाराम निषाद , राजू वर्मा , जय प्रकाश यादव , एजाज अहमद , अंसार अहमद , हलीम पप्पू , पृथ्वीराज यादव , डाक्टर पुष्कर यादव आदि उपस्थित थे।

# 25 महिलाओं को मिला रक्त वीरांगना सम्मान

अयोध्या।(सरवन कुमार संवाददाता)महिलाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से रक्तदान विषय को लेकर कवि सम्मेलन व चर्चा–परिचर्चा का आयोजन एक होटल के सभागार में राम कृष्ण सेवा फॉउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात समाजसेविका व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ मंजूषा पांडेय व विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता श्वेता राज सिंह व मिन्हाज सुगरा जी उपस्थित रही। उक्त समारोह में जिले की 21 ऐसी मातृशक्तियो को भी अंगवस्त्र, मेडल व स्मृति चिन्ह देकर रक्त वीरांगना सम्मान–2023 से अलंकृत कर सम्मानित किया गया,जिन्होंने बीते सत्र में रक्तदान किया था। कवि सम्मेलन में आशु कवि अशोक टाटम्बरी, शैलेन्द्र तिवारी मासूम, सुनीता पाठक,रीता शर्मा,श्वेताराज सिंह, मिन्हाज सुगरा, रणजीत यादव व नन्हीं कवियत्री आद्विका भारद्वाज सहित अन्य कवियों ने रक्तदान ही जीवनदान शीर्षक और रक्तदान जागरूकता पर कविता पाठ किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ मंजूषा पाण्डेय जी ने कहा कि रक्त की सर्वाधिक जरूरत महिलाओं को पड़ती है लेकिन महिलाए रक्तदान के क्षेत्र में पीछे है और इसका एक मात्र कारण इसके प्रति जागरूकता का अभाव है। संस्था सरंक्षक राजेश चौबे ने कहा कि अत्याधिक महिलाये रक्तदान के लिए आगे आये इसी उद्देश्य को लेकर इस समारोह का आयोजन किया गया है। जिले में ब्लड मैन के रूप में चर्चित संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने कहा कि संस्था 2016 से अब तक साढ़े चार हजार मरीजों को संस्था द्वारा ब्लड मुहैया कराया जा चुका है और रक्तदान को लेकर संस्था को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड,लंदन की ओर से सम्मानित भी किया जा चुका है और इसी सत्र अयोध्या में एक ऐसे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें देश के सभी राज्यों के रक्तदाता ब्लड डोनेट करेंगे इसके अलावा आगामी 5 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के परिपेक्ष्य में केवल महिलाओं का रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। रक्त वीरांगना से अलंकृत महिलाओं में खिलाड़ी अभिलाषा सिंह, अधिवक्ता ज्योत्स्ना श्रीवास्तव, महिला आश्रम काउंसलर नीलम श्रीवास्तव, ब्यूटीशियन सोनी गुप्ता, स्टाफ नर्स पूनम गुप्ता, दीपिका कसौधन, पुष्पा गुप्ता, सोनाली गौड़, शशि रावत,फातिमा जैदी, नेहा निषाद, मेराज जेहरा रिजवी, प्रियांशी सिंह, रजनी छेत्री, माला खत्री,साधना पुष्कर,पूजा रावत,मेनका सिंह, नफीस फातिमा,रेखा गौड़, गुलजार फातिमा,रत्ना जायसवाल,अंजली गुप्ता, वंदना पाण्डेय व अन्य रही। इस मौके पर फिल्म आर्टिस्ट आकांक्षा सिंह, प्रख्यात चित्रकार एस बी सागर, अमरेश मिश्र, मनीष मौर्य, मो अहद,विजय वर्मा, राजेश गौड़, प्रतीक कुमार वैश्य, सुरेंद्र उपाध्याय,प्रेम प्रकाश पाण्डेय,शैलेन्द्र तिवारी, बबिता यादव, मीना अवस्थी व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# जंगली हाथियों ने मंदिर से लौट रहे चित्रकार को सूंड से पटक–पटक कर मार डाला : ग्रामीणों में दहशत

बहराइच ब्यूरो : बहराइच जिले के कर्तनियाघाट क्षेत्र में कारीकोट मंदिर से प्रवचन सुनकर दोस्तों के साथ घर लौट रहे पेशे से चित्रकार को मंगलवार देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने घेर लिया। सूंड से पटक कर उसे अधमरा करने के बाद हाथियों ने पैरों से रौंदकर ग्रामीण को मार डाला। इसके बाद भी हाथी मौके पर 2 घंटे तक उत्पात मचाते रहे। सूचना पर पहुंचे पुलिस व वनकर्मियों ने किसी तरह मृतक चित्रकार के शव को हाथियों के झुंड के बीच से निकाला। आधी रात के बाद हाथी चिंघाड़ते हुए मौके से चले गए। कतर्नियाघाट संरक्षित वन क्षेत्र के कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत सुजौली थाना क्षेत्र के बिहारी पुरवा निवासी मैनेजर उर्फ राधेश्याम (60) कुरकुरी कुंआ गांव निवासी अपने मित्र रामजीत वर्मा के यहां रहता था। मंगलवार शाम को वह कारीकोट माता मंदिर में चल रही शिव कथा को सुनने गया था। रात 10:00 बजे के आसपास कथा समाप्त होने के बाद चित्रकार मैनेजर आस–पड़ोस के लोगों के साथ वापस घर के लिए लौटा। चित्रकार मैनेजर के साथ चल रहे लोग चमन चौराहा से अपने–अपने घरों की ओर चले गए, वहां से चित्रकार मैनेजर कुरकुरी कुआं गांव के लिए अकेले मुड़ा लेकिन जैसे ही वह चमन चौराहा पुल से 100 मीटर चला उसी समय जंगली हाथियों के झुंड ने उसे घेर लिया। चित्रकार मैनेजर ने बचाव के लिए शोर मचाना शुरू किया। उसके साथ कथा स्थल से आए लोग शोर सुनकर दौड़े लेकिन जब लोग मौके पर पहुंचते तो हाथियों के झुंड से चित्रकार मैनेजर को घिरा देखा। ग्रामीणों के मुताबिक हाथी चित्रकार को सूड़ में लपेटकर बार–बार पटक रहे थे। ग्रामीणों ने टार्च जलाते हुए शोर मचाना शुरू किया लेकिन इसका हाथियों पर कोई असर नहीं हुआ। हाथियों ने चित्रकार को पैरों से रौंद कर मार डाला फिर हाथी शोर मचा रहे ग्रामीणों की ओर बढ़े तो उन सभी ने भागकर जान बचाई। मौके से भागे ग्रामीणों की सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी वीके मिश्रा



व थाना प्रभारी सुजौली राजेश कुमार दलबल के साथ पहुंचे। पुलिस व वन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करके किसी तरह मृतक चित्रकार मैनेजर के शव को हाथियों के बीच से निकाला। हाथी आधी रात तक चिंघाड़ते हुए भगवान और यशपाल के गेहूं तथा लाही के खेतों को तहस–नहस करते रहे। ग्रामीणों के मुताबिक हाथी आधी रात के बाद जंगल की ओर गए तब पुलिस ग्रामीण के शव को लेकर थाने आई। लाश का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रात की घटना से आसपास गांवो के लोग काफी दहशत में हैं। परिवार में अकेला था मृतक हाथियों के हमले में मृतक मैनेजर उर्फ राधेश्याम ने शादी नहीं की थी, वह चित्रकारी कर के अपना गुजारा करता था। परिवार में उसके भतीजे थे लेकिन वह अपने दोस्त कुरकुरी कुआं गांव निवासी रामजीत वर्मा के यहां रुकता था। हाथियों के हमले में ग्रामीण की मौत का है दूसरा मामला जनवरी माह में जंगली हाथियों के हमले में ग्रामीण की मौत का यह दूसरा मामला है। इससे पहले 10 जनवरी को कतर्नियाघाट रेंज के ही बर्दिया गांव निवासी सुरेश को खेत की रखवाली के दौरान हाथियों ने कुचलकर मार डाला था। दो घटनाओं के बाद अब ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोग आक्रोशित भी हैं।

## आरिफ आबदी को बनाया अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज हुसैन अयोध्या निवासी आरिफ आबदी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है।उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया आरिफ जी को अल्पसंख्यक विभाग के बाराबंकी और अंबेडकर नगर का प्रभारी भी बनाया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ,महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ,एआईसीसी सदस्य राजेन्द्र प्रताप सिंह, एआईसीसी उग्रसेन मिश्रा ,प्रदेश प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू ,पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह सैनिक, रामेंद्र त्रिपाठी ,डॉ विनोद गुप्ता, प्रवीण श्रीवास्तव, उमेश उपाध्याय ,डीएन वर्मा ,प्रमिला राजपूत, कंचन दुबे, अब्दुल मुनीश कुरेशी ,अंकित जैन ,शैलेंद्र पांडे, श्रीनिवास शास्त्री ,केसरी नारायण मिश्रा आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## ब्राह्मण भाइयो को फर्जी फंसाने का विरोध चाणक्य परिषद ने किया न्याय की मांग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने बीकापुर स्थित चांदपुर निवासी सूर्य बस और राज बक्स मिश्र के घर काफी अरसे से सुकना निषाद नाम की महिला काम करती थी।1 5 जनवरी को घर के बगल स्थित खेत में55 बर्षीय सुकना बथुआ लेने गई थी। महिला की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। जिसका प्राथमिकी अपराध संख्या 29 / 2023 अंतर्गत धारा 304ए में बीकापुर कोतवाली में 16 जनवरी को दर्ज की गई थी। जिससे बाद में दबाव के चलते धारा 304 भारतीय दंड विधान में बदल कर उपरोक्त दोनों भाइयों को बीकापुर कोतवाली पुलिस ने जेल भेज दिया। उपरोक्त मामले में न्याय की मांग करते हुए अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी व श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उपरोक्त दोनों ब्राह्मण भाइयों को फर्जी फसाने की न्याय प्रिय विवेचना करने की मांग जिले की पुलिस सी ओ बीकापुर से दूरभाष पर वार्ता करके किया है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से वार्ता करने का प्रयास किया पीआरओ ने बताया कि साहब मीटिंग में है जिस कारण उनसे बात नहीं हो पाई। न्याय न मिलने पर परिषद उपरोक्त लड़ाई लड़ने को बाध्य होगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# एआरटीओ प्रवर्तन ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सोमवार को परिवहन विभाग,द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत एनसीसी कैडेट व स्काउट गाईड के साथ शहर के प्रमुख चौराहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। नाका बाईपास, सुल्तानपुर रोड पर सड़क सुरक्षा के प्रति वाहन चालकों को जागरूक किया गया। इस मौके पर एआरटीओ प्रवर्तन प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि अक्सर लोग हेलमेट को बाईक में लटकाकर चलते हैं जबकि हेलमेट मोटर साइकिल की सुरक्षा के लिये नहीं बल्कि चला रहे व्यक्ति की सुरक्षा के लिये होता है। उन्होंने कहा कि यही हाल कार सवारों का भी है। बीप की आवाज को बन्द करने के लिये सीटबेल्ट को लगा देते है। जबकि सीटबेल्ट सवार के ऊपर से लगाकर सुरक्षा के लिये बनायी गयी है। उन्होंने लोगों को बताया कि मोबाइल संग ड्राइविंग खतरनाक है इससे बचे, स्टंट न करें। कई बार रील बनाने के चक्कर में युवा स्टंट कर अपनी जान गवां देते है। उन्होने बाईक सवारों को यातायात चिन्ह युक्त पम्फलेट भी वितरित किये। अभियान में यात्री कर अधिकारी खुर्शीद अहमद, अवध विश्वविद्यालय के मुकेश कुमार वर्मा, कुल सचिव उमानाथ सिंह , टीएसआई सूर्य प्रकाश मिश्रा, राम सिंह, दुर्गेश सिंह, बालगोविन्द उपाध्याय, शरद चन्द्र आदि मौजूद रहे।

# सुल्तानपुर में मानव रत्न सम्मान–2023 से सम्मानित होंगे समाजसेवी

अयोध्या।(सरवन कुमार संवाददाता) अयोध्या मंडल के जनपद सुल्तानपुर के थाना कूरेभार स्थित ग्राम बरौला में 19 जनवरी को समय 11:00 बजे प्रातः माँ शेरावाली न्याय धाम द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर सम्मान समारोह एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर में जनपद सुल्तानपुर व जनपद अयोध्या के समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा। जिसमें विशेष आकर्षण दीपदान शाम 5 बजे आयोजित होगा। यह कार्यक्रम के संस्था की संरक्षक श्रीमती सीता अयोध्या, की अध्यक्षता में आयेजित होगा जिसमें मुख्य अतिथि विधायक सदर सुल्तानपुर राज प्रसाद उपाध्याय ,अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सदर जयसिंहपुर सुल्तानपुर अर्जुन सिंह तथा सेवा निवृत पुलिस उपाधीक्षक रघुवीर सिंह भदौरिया जनपद कानपुर नगर से,विशिष्ट अतिथि सुबोध श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ टीवी वन इंडिया,कुलदीप सिंह, गुरेगांव, सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव खाकी वाले गुरुजी अपना स्कूल, कार्यक्रम में रहेंगे उपस्थित।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।